## एक नजर में

### आचार्य चयन परीक्षा के प्रथम चरण लिखित परीक्षा का हुआ आयोजन



**मन्दसौर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर पर विद्या भारती की योजना के अंतर्गत प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाली आचार्य चयन परीक्षा के प्रथम चरण लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत मंदसौर शहर व आसपास के क्षेत्रों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। विद्यालय द्वारा प्रतिभागियों का सर्वप्रथम कुमकुम तिलक के साथ स्वागत किया गया व परीक्षा हेतु शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करने हेतु भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव से अशोक पारिख, सरस्वती विहार शैक्षणिक संस्थान के प्रबंधक व समिति सहसचिव सुनील शर्मा, समिति कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल, विद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़ व आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

### लायंस क्लब के माध्यम से आशा देवी ओस्तवाल का नेत्रदान



**मन्दसौर।** नगर के ओस्तवाल परिवार की वरिष्ठ सदस्या और स्व. श्री अशोक कुमार ओस्तवाल की धर्मपत्नी श्रीमती आशादेवी ओस्तवाल के देवलोकगमन के पश्चात उनके परिजनों ने प्रेरणादायी और पुनीत निर्णय लेते हुए लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से स्व. श्रीमती आशादेवी के नेत्रदान करने का संकल्प लिया, ताकि उनके जाने के बाद भी उनकी आँखों से कोई अन्य संसार को देख सके। परिजनों की इस मंशानुरूप लायंस क्लब के माध्यम से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जित करने की प्रक्रिया संपन्न की। इस पुनीत कार्य के दौरान लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। लायन अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव डॉ. विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. विकास भंडारी, मयूर सुराना और पंकज पोरवाल ने संयुक्त रूप से दिवंगत आशा देवी ओस्तवाल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुनीत सेवा कार्य में समाजसेवी सुनील बंसल का सहयोग प्राप्त हुआ। क्लब के सदस्यों ने इस दु:ख की घड़ी में ओस्तवाल परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति जताई और शोक की स्थिति में भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नेत्रदान जैसा साहसिक निर्णय लेने के लिए परिजनों का हृदय से आभार माना एवं उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया।

# पीएम आवासों की डीपीआर शीघ्र स्वीकृत कराई जाए : कलेक्टर



**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की संयुक्त बैठक सुशासन भवन में आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी सीएमओ तथा निकायों के इंजीनियर उपस्थित रहे।**

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए कि नगरीय निकायों को आवंटित भूमि आबादी से कितनी दूरी पर स्थित है, इसकी जानकारी त्वद्धस् पोर्टल पर दर्ज करें, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक डाटा उपलब्ध हो सके। बैठक में भूमि आवंटन, निर्माण कार्यों की प्रगति, बजट, पीएम आवास योजना शहरी 2.0, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि योजना तथा जल संचय जन भागीदारी अभियान की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में शेष सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में एसटीपी प्लांट, ग्रीन स्पेस, शौचालय निर्माण, भवन निर्माण तथा अन्य नवीन विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि कोई नगरीय निकाय किसी अन्य विभाग की भूमि या भवन का उपयोग करता है तो पूर्व में संबंधित विभाग से अनिवार्य रूप से एनओसी प्राप्त की जाए। साथ ही शहरी क्षेत्र में जहां-जहां खाली भूमि उपलब्ध है, उसे भी नक्शे पर चिन्हित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत आवासों की डीपीआर शीघ्र स्वीकृत कराई जाए तथा लंबित आवेदनों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। पात्र हितग्राहियों के आवेदनों की जांच एवं कार्यवाही भी निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगरीय निकायों को एक-दूसरे के बेहतर मॉडल अपनाने के निर्देश दिए गए। ठोस कचरा प्रबंधन को मजबूत करने तथा निकायों द्वारा तैयार की जा रही जैविक खाद को जैविक हाट बाजार में विक्रय हेतु उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यदि योजना के क्रियान्वयन में कोई समस्या आ रही हो तो उसका तत्काल समाधान किया जाए तथा बैंकों में लंबित आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत कराया जाए।

इसके साथ ही जल संचय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत छोटे-छोटे जल संरक्षण कार्यों की सूची बनाकर उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि जल संरक्षण के प्रयासों को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाया जा सके।




# विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मंदसौर।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, सुंदरलाल पाटवा मेडिकल कॉलेज एवं इंदिरा गांधी जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में श्रवण स्वास्थ्य को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. शशि गांधी के संबोधन से हुई। उन्होंने श्रवण स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर जांच और उचित उपचार से कई श्रवण संबंधी समस्याओं से बचा जा सकता है। इस दौरान एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने ईएनटी से जुड़ी समस्याओं, उनके बचाव और समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों से जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्रों और स्वास्थ्यकर्मियों ने नारों के माध्यम से श्रवण सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. जी. एस. चौहान, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आर. के. द्विवेदी, डॉ. कश्मीरा कुमावत सहित अन्य चिकित्सकों ने भी श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल के डॉक्टरों, इंटर्न, मेडिकल विद्यार्थियों, नर्सिंग स्टाफ तथा आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।



# बंडीजी के बाग में ढूंढोत्सव मनाया

**मन्दसौर।** धूलेंडी के अवसर पर बंडीजी के बाग में ढूंढ का कार्यक्रम आयोजित किया गया । यह जानकारी देते हुए दिगंबर जैन हूमड समाज मंदसौर के प्रवक्ता राकेश दोशी ने बताया कि ढूंढ के अवसर पर हूमड समाज में इस वर्ष जन्म लेने वाले बच्चों की समाज में ढूंढ की गई। यह कार्यक्रम समाज की महिला इकाई पार्श्व मंडल द्वारा आयोजित किया गया एवं समाज में पांच नवागंतुक सदस्यों की ढूंढ हुई। नवागंतुक सदस्यों को श्री सुनील रौनक मिंडा परिवार की ओर से उपहार दिए गए। पार्श्व मंडल द्वारा मनोरंजक कार्यक्रम सास बहू के रिश्तों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। पार्श्व मंडल द्वारा ही नवागंतुक के परिवार सुनील मिंडा, शशि कुमार मिंडा , अजय मेहता, कांतिलाल दोषी, एवं हुकमीचंद भूता परिवार में से किसी भी राज्य के श्रेष्ठ परिधान में पूरे परिवार की उपस्थिति एवं प्रस्तुति पर पारितोषिक देने की घोषणा की थी जिसमें सुनील मिंडा परिवार ने प्रथम, शशि मिंडा परिवार ने द्वितीय एवं अजय मेहता परिवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंडल द्वारा पारितोषिक हूमड समाज के अध्यक्ष श्री दीपक भूता के करकमलों से प्रदान करवाए गए। संचालन पार्श्व मंडल अध्यक्ष इंदू मेहता एवं सचिव आयुषी कियावत द्वारा किया गया।

## एक नजर — किसान कल्याण वर्ष में हजारों कार्य पूर्ण

# मनरेगा से ग्रामीण विकास को मिली रफ्तार



**मंदसौर। किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई गति मिली है। योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, कृषि विकास और ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं से जुड़े अनेक कार्य पूरे किए गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ किसानों को भी स्थायी लाभ मिल रहा है।**

मनरेगा प्रभारी प्रदीप चौहान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले भर में मनरेगा के तहत व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए गए। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना, कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना तथा ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत बनाना है।

जिले में इस अवधि में 1242 खेत तालाब और 4200 कूप रिचार्ज पिट बनाए गए हैं, जिससे वर्षा जल का संचयन बढ़ेगा और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा 'एक बगीचा मां के नाम' योजना के अंतर्गत 485 बगीचे विकसित किए गए हैं, जो किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 462 सीसी रोड, 6 प्ले ग्राउंड, 15 शांति धाम, 7 सुलभ शौचालय तथा 30 स्टोन बंड का निर्माण भी किया गया है। वहीं जल संरक्षण की दिशा में 12 अमृत सरोवर और 22 लूज बोल्डर संरचनाएं भी तैयार की गई हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मजदूरी कार्यों से 8034 हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया, जिससे ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संबल मिला है।

जिला प्रशासन के अनुसार इन कार्यों से जिले में जल एवं मिट्टी संरक्षण को बढ़ावा मिला है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ है। आने वाले समय में भी किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत जल संरक्षण, कृषि विकास और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो और गांव आत्मनिर्भर बन सकें।

## नीमच

## एक नजर में

### गौ माता के पास आपत्ति जनक स्थिति में मिला युवक



**मनासा।** ग्राम कंजार्डा थाना मनासा में बीती रात्रि एक युवक आपत्ति जनक स्थिति में मिला इस खबर के वायरल होते ही हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंचे और व्यक्ति को आपत्ति जनक स्थिति में पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार आए दिन गौ माता के साथ कोई न कोई हरकत मिलती रहती थी लेकिन वहां के लोगों को किसी अन्य व्यक्ति पर शंका थी लेकिन आरोपी और कोई निकला आस पास के पशुपालन घटना को लेकर काफी चिंतित थे। पशुपालन शैलेन्द्र बैरागी ध्यान रख रहे थे कि ऐसा घिनौना कार्य कौन कर रहा है इस का रात्रि में खुलासा हुआ जब उसे आपत्तिजनक स्थिति में देखा पशुपालक ने स्थिति को देख मीडिया ओर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं को सूचना दी मौके पर आपत्ति जनक स्थिति में देखा ओर फोटोग्राफी की गई। घटना की जानकारी पुलिस चौकी पर दी सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस चौकी पर ले गए। इस अवसर पर सैकड़ों लोग पुलिस चौकी पर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कारवाही की मांग की। आरोपी के खिलाफ गोमाता के भक्तों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच में लिया। देर रात पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। चौकी प्रभारी काफी समय तक लोगों को बेवकूफ बनाते रहे की मनासा थाने पर ले जाकर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी लेकिन भीड़ के तीतर बितर होते ही देर रात में चौकी पर ही रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने उक्त व्यक्ति पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत 11( 1 ) ग़ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इस कृत्य को लेकर गांव में काफी रोष व्याप्त है।

### 87वें सीआरपीएफ दिवस पर ग्रुप केंद्र नीमच में रक्तदान शिविर आयोजित



**नीमच।** केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें सीआरपीएफ दिवस के उपलक्ष्य में ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ, नीमच में समाजसेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं महिला कामिकाओं तथा जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बड़ी संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर का आयोजन श्री सुरेन्द्र कुमार डीआईजी ग्रुप केंद्र नीमच के निर्देशन में संयुक्त अस्पताल, सीआरपीएफ नीमच के सहयोग से किया गया, जिसमें ग्रुप केंद्र नीमच, सीटीसी, आरटीसी, रेंज कार्यालय, संयुक्त अस्पताल, प्रथम बटालियन एवं 4 सिगनल बटालियन के कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। रक्तदान के प्रति जागरूकता और सेवा-भावना का परिचय देते हुए कार्मिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। संकलित रक्त को चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर मरीजों के उपचार के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, डीआईजी, ग्रुप केंद्र नीमच ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है।

# नशे में धुत आरक्षक ने होटल में किया हंगामा

▸ **स्टाफ से गाली-गलौज की, थप्पड़ मारा, 112 पुलिस टीम ने भगाया**



**नीमच। शहर के महू-नीमच हाईवे पर स्थित राजस्थानी होटल में देर रात एक पुलिस आरक्षक ने शराब के नशे में हंगामा किया। आरक्षक पर होटल स्टाफ से गाली-गलौज करने, एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने और मुफ्त में सिगरेट व पानी की बोतल मांगने का आरोप है। इस घटना के वीडियो भी सामने आया है।**

**आरक्षक और उसके साथी ने होटल में किया हंगामा**-होटल संचालक चंचल सोनी (31) ने बताया कि उन्हें गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात तकरीबन 3:50 बजे होटल स्टाफ का फोन आया। स्टाफ ने सूचना दी कि आरक्षक जयराम राठौर अपने एक साथी के साथ होटल में उत्पात मचा रहा है। जानकारी मिलते ही संचालक तुरंत होटल पहुंचे।

**मुफ्त में पानी की बोतलें, सिगरेट की मांग कर रहा था**-संचालक के अनुसार, आरक्षक जयराम पूरी तरह शराब के नशे में था। वह अपना रसूख दिखाते हुए होटल स्टाफ से मुफ्त में पानी की बोतलें और सिगरेट की मांग कर रहा था। स्टाफ द्वारा मना करने पर उसने गाली-गलौच शुरू कर दी और होटल में मौजूद अन्य लोगों से भी बदतमीजी की।

**शिकायत पर पुलिस टीम ने आरक्षक को हटाया**

हंगामे की स्थिति बढ़ती देख होटल संचालक ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम (डायल 112) को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरक्षक की हरकतों को देखा और उसे फटकार लगाकर वहां से हटाया। पीड़ित होटल संचालक ने अब इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर आरोपी आरक्षक के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

# जनगणना का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 9 मार्च को

**नीमच।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण तथा सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जिले में एक से 30 मई 2026 की अवधि में समय-सीमा में संपादित कराने के लिए जिला, चार्ज स्तरीय अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 व 24 फरवरी को दिया जा चुका है। जिला चार्ज स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला प्रभारी श्री संदीप घोरे देंगे। इस द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में जिला जनगणना पुस्तिका संबंधी प्रशिक्षण के साथ-साथ सीएमएमएस पोर्टल पर हेन्डस ऑन भी करवाया जाएगा।

द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 9 मार्च 2026 को प्रात: 10.30 बजे से सांय 5 बजे तक शासकीय पी.जी.कालेज नीमच की कम्प्यूटर लैब में आयोजित किया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन ने सभी चार्ज अधिकारियों को एक-एक लिपिक के साथ इस प्रशिक्षण में भाग लेने के निर्देश दिए है।

# पैतृक जमीन के विवाद में पति ने पत्नी-बेटे पर बांस-पत्थरों से किया जानलेवा हमला



**नीमच।** जिले के मनासा क्षेत्र में पैतृक जमीन के विवाद ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। जमीन के बंटवारे को लेकर पति ने ही अपनी पत्नी और बेटे पर पत्थरों और बांस के लट्ठों से हमला कर दिया। हमले में मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका पिछले दो दिनों से जिला अस्पताल नीमच में उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनासा निवासी पिंकी सुथार पति वर्दीचंद सुथार और उनका बेटा गौरव सुथार भाटखेड़ी स्थित बालागंज रोड के खेत पर गए थे। इसी दौरान पैतृक जमीन को लेकर चल रहे विवाद के चलते पिंकी के पति वर्दीचंद सुथार और जेठ रामदयाल सुथार से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

पीड़िता पिंकी सुथार का आरोप है कि बालागंज रोड स्थित जमीन पैतृक है, लेकिन उनके पति ने उस पर कब्जा कर जमीन को अपनी बहन भगवती और भतीजे हरीश के नाम कर दिया। जब पिंकी के बच्चों गौरव और कृतिका ने इस पर आपत्ति जताई तो विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद वर्दीचंद और रामदयाल ने आक्रोशित होकर पत्थरों और हरे बांस के लट्ठों से पिंकी और उनके बेटे गौरव पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में पिंकी सुथार के हाथ में फ्रैक्चर हो गया, जबकि गौरव के सिर में गंभीर चोट आने से सात टांके लगाने पड़े। दोनों के शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। घटना के बाद घायलों को पहले मनासा के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल नीमच रेफर कर दिया गया। वर्तमान में दोनों का इलाज जारी है।

पीड़िता का आरोप है कि पिछले करीब छह माह से पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और इस दौरान कई बार उनके साथ मारपीट भी की गई। उन्होंने इस संबंध में मनासा थाने में शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## एक नजर — सुरक्षा एक सामूहिक उत्तरदायित्व है तथा हम सब को मिल कर शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करने होंगे

# विक्रम सीमेंट वर्क्स में 55 वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



**खोर।** विक्रम सीमेंट वर्क्स खोर में 55 वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ अवास मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संरक्षा ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ । दशरथ सुथार (संविदा कर्मचारी) द्वारा संरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई । तत्पाश्चात श्री राहुल बारगल (संरक्षा अधिकारी) ने स्वागत उद्बोधन मे राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह की प्रासंगकिता को बताया तथा सप्ताह भर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो से अवगत कराया । उन्होनें समस्त कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनायें । उन्होंने कहा कि सुरक्षा एक सामूहिक उत्तरदायित्व है तथा हम सब को मिल कर शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्ति के लियें प्रयास करने होंगे। ।

इस अवसर पर कारखाने में जगह - जगह सुरक्षा बैनर लगायें गयें। तथा कर्मचारियों द्वारा संरक्षा वार्ता और संरक्षा कविता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री अनंत शर्मा, श्री अक्षय जैन, श्री आशीष हिंगर और श्री भूपेंद्र खोरपिया सभा में उपस्थित थे ।

संस्थान प्रमुख अवास मिश्रा ने अपने भाषण में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कारखानें में काम करने वाला हर व्यक्ति स्वयं सुरक्षा के सभी नियमों एवं रोको - टोको का पालन करें तभी हम अपनें शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सकेगें। उन्होंने समस्त कर्मचारियों से अनुशाशन में रहते हुए सुरक्षा के नियमों का शतप्रतिशत पालन करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कामगार न केवल अपनी जिंदगी की सुरक्षा करता है , बल्कि वह दूसरों की भी सुरक्षा करता है। और कार्यस्थल को शून्य दुर्घटना क्षेत्र बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी भी कार्य को करने से पहले हम उसके खतरों की पहचान कर सुरक्षित कार्य विधि बना ले तथा उसके अनुसार कार्य करे तो हम शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रगति में सुरक्षा का विशिष्ट महत्व है। अगर हमे कारखाने में उत्पादकता को बढ़ाना है, तो सुरक्षा के उच्च मापदंड स्थापित करने होंगें। इसके लिए आवश्यक है, सुरक्षा के नियमों का पालन, सुरक्षित आदतों का विकास, अनुशासन तथा कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता। इसके साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि हम अपने सुरक्षा स्तर का समय समय पर मूल्यांकन भी करें कि हमारे प्रयास इस दिशा में कितने सार्थक हुए हैं । सुरक्षा के प्रति जागरूकता इसमें बहुत महत्व रखती है । आप सभी से अनुरोध है कि इस दौरान आयोजित होने वाली सुरक्षा गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाये।